QUICK NEWS

स्टालिन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

चेन्नई. द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने यहां राजभवन में राज्यपाल से बुधवार को मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया. इससे एक दिन पहले ही उन्हें

सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता निर्वाचित किया गया था. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और महासचिव दुराईमुरुगन के साथ स्टालिन ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें द्रमुक विधायक दल का नेता निर्वाचित किए जाने के संबंध में एक पत्र दिया तथा सरकार बनाने का दावा पेश किया.

नेताओं को कहां से मिल रहा रेमडेसिविर : HC

दिल्ली. हाईकोर्ट ने नेताओं द्वारा रेमडेसिविर मंगाने और बांटने के मामलों की जांच का निर्देश दिल्ली पुलिस को दिया है. हाईकोर्ट ने कहा कि अगर इन मामलों में कोई अपराध हुआ है तो एफआईआर दर्ज की जाए. न्यायमूर्ति

विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की खंडपीठ ने कहा कि वह अभी मामलों की जांच के लिए सीबीआई जांच का निर्देश नहीं देना चाहती. हालांकि वह याची को अपनी शिकायत पुलिस आयुक्त के समक्ष रखने का निर्देश देते हैं. पुलिस आयुक्त इसकी पड़ताल कर याची को सूचित करेंगे. हाईकोर्ट ने कहा कि अगर इन मामलों में कोई अपराध हुआ है तो पुलिस एफआईआर दर्ज कर दो सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे. याचिका पर अगली सुनवाई 17 मई तय की है. हाईकोर्ट ने ये निर्देश उस जनहित याचिका पर दिया गया है जिनमें इन मामलों में एफआईआर व सीबीआई जांच की मांग की गई थी.

आप विधायक हरपाल चीमा कोरोना संक्रमित

चंडीगढ़. पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं 'आप' विधायक हरपाल सिंह चीमा कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं. उन्होंने एक ट्वीट कर कोरोना से

अपने संक्रमित होने की जानकारी दी. 'आप' विधायक ने ट्विटर पर लिखा, मैं कोविड-19 से संक्रमित हो गया हूं. मुझमें बीमारी के हल्के लक्षण हैं. मैं अपने डाक्टरों की सलाह पर पृथकवास में रहकर इलाज करवा रहा हूं. मैं पिछले कुछ दिनों के दौरान अपने संपर्क में आए लोगों से जांच कराने का अनुरोध करता हूं. पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने दीरबा से चीमा के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है.

योगी के लिए SP ही नहीं, AAP ने भी बजा दी खतरे की घंटी

उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव

नवभारत न्यूज नेटवर्क

लखनऊ. उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव के नतीजे आ चुके हैं. 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले हुए ये चुनाव सत्ता के साथ ही विपक्ष के लिए भी अहम थे. दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी ने इस बार पंचायत चुनाव में किस्मत आजमाई थी. ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत (BDC) और जिला पंचायत सदस्य के लिए सभी जिलों में पार्टी ने उम्मीदवारों को अपने समर्थन से खड़ा किया था. आम आदमी पार्टी का कहना है कि नतीजों से साफ है अगर जनता के पास अच्छे विकल्प आएंगे तो उनको अपनाने के लिए वह तैयार है. उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में जिला पंचायत सदस्य की कुल 3,051 सीटें हैं. आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि उसने ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत की 350 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की है.

'प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत की 350+ सीटें जीतीं' : 'आप'

आम आदमी पार्टी के यूपी प्रवक्ता वैभव माहेश्वरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी का शानदार डेब्यू हुआ है. पहले लोग यह कह रहे थे कि उत्तर प्रदेश में जाति और धर्म की राजनीति के अलावा कुछ चल नहीं सकता. लेकिन आम आदमी पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को विजयी बनाकर जनता ने ये साबित किया है कि अगर उनके पास अच्छे विकल्प आएंगे, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की बात करेंगे तो उनको अपनाने के लिए तैयार बैठी हुई है. आम आदमी पार्टी प्रवक्ता वैभव माहेश्वरी ने बताया कि पंचायत चुनाव में अभी हमारी पार्टी की ओर से समर्थित 350 के करीब उम्मीदवार जीते हैं, जो कि एक अच्छी संख्या है. जिला पंचायत में 90 से कुछ अधिक प्रत्याशी जीते हैं. ग्राम प्रधान और बीडीसी की सीटों पर 250 से ज्यादा उम्मीदवार जीते हैं.

समाजवादी पार्टी सबसे आगे

बताते चलें कि जिला पंचायत के नतीजों में समाजवादी पार्टी सबसे आगे है. एसपी समर्थित 790 उम्मीदवारों को जीत मिली है. वहीं बीजेपी समर्थित 599 उम्मीदवार जीते हैं. अन्य और निर्दलीय सबसे ज्यादा 1247 सीटों पर जीते हैं. इसके अलावा बीएसपी 354 और कांग्रेस समर्थित 60 उम्मीदवारों को विजय हासिल हुई है.

'ईमानदारी से चुनाव हों तो BJP का सूपड़ा साफ'

पंचायत चुनाव के नतीजों से बीजेपी को बड़ा झटका लगा है. अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और प्रयागराज में पार्टी की हार हुई है. इस पर जब आम आदमी पार्टी प्रवक्ता

से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इसका मुख्य मतलब यही है कि प्रदेश की जनता बीजेपी की नफरत की राजनीति से बहुत परेशान है. पूरा नकारने का मन बनाए हुए है. एक बात और है कि सत्ताधारी पार्टी होने की वजह से चुनाव में भारी गड़बड़ियां की हैं. कई जगह पर हमारे साथ हुआ कि हमारा प्रत्याशी जोकि इनके प्रत्याशी से ज्यादा मत हासिल किया है उसको सर्टिफिकेट ना देकर बीजेपी प्रत्याशी को सर्टिफिकेट देकर विजयी घोषित कर दिया. ये गड़बड़ियां कई जगह हुई हैं. हमने इस मामले को उठाया भी है. हर तरह की बेईमानी और मैनिपुलेशन करके ये 600 तक पहुंचे हैं. प्रदेश में अगर ईमानदारी से चुनाव करा दिए जाएं तो बीजेपी का सूपड़ा साफ हो जाएगा.

सिद्धू ने कांग्रेस पर निकाली भड़ास

नवभारत न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़. पंजाब के पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने एक बार फिर ट्विटर को हथियार बनाते हुए कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली है. सिद्धू ने ट्वीट करते लिखा कि लोकतंत्र का मतलब है कि विकास गरीब से गरीब तक पहुंचे. उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब सरकारी शिक्षा असफल हुई तो लोगों ने प्राइवेट का रास्ता चुना. जब सार्वजनिक सेहत प्रबंध असफल हुए तो लोगों ने

सेहत बीमे करवाए. जब पीने योग्य पानी न रहा तो आर. ओ. और बोतलबंद पानी का अरबों का उद्योग प्रफुलित हुआ और हवा प्रदूषित हुई जिससे हवा खरीद सकते थे, उन्होंने हवा शुद्ध करने वाले यंत्र खरीदे. उन्होंने लिखा कि आज मरीजों की भीड़ के दबाव कारण के निजी अस्पतालों का भी सरकारी अस्पतालों वाला ही हाल है. एक अन्य ट्वीट करते सिद्धू ने लिखा कि हमें कुछ नया सोचना पड़ेगा और नई रेखा पर चलना होगा.

बिहार : लॉकडाउन पर NDA में तकरार

BJP नेता ने JDU नेताओं पर कसा तंज

नवभारत न्यूज नेटवर्क

पटना. कोरोना के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए नीतीश सरकार ने बिहार में 15 मई तक लाकडाउन लगाने का एलान किया है. हाईकोर्ट की फटकार के बाद सीएम ने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के साथ की गई बैठक में ये फैसला लिया. हालांकि, इस फैसले के बावजूद पटना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है और स्वास्थ्य सेवा सेना को सौंप देने की नसीहत दी है. हालांकि, सूबे में लाकडाउन के एलान के बाद बिहार एनडीए में तकरार नजर आई. बिहार बीजेपी के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने फिर एक बार फेसबुक पोस्ट लिखकर सहयोगी पार्टी जेडीयू के नेताओं पर तंज कसा. उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, मेरा नाम लेकर राजनीतिक बयानबाजी करने वाले नेताओं से भी उम्मीद है कि उन्हें जमीनी हकीकत समझ में आ रही होगी.

1,00,000 से अधिक एक्टिव कोरोना मरीज

बिहार बीजेपी अध्यक्ष ने फेसबुक पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा, बिहार सरकार ने 11 दिनों का लाकडाउन लगा दिया है. कृपया इसका पालन करें और अपने तथा अपने परिवार की जीवन रक्षा करें. नागरिकों के हित के लिए सरकारों को कुछ कठिन फैसले लेने ही पड़ते हैं. आज भी विश्व के आधे देशों के विभिन्न राज्यों में लाकडाउन लगा हुआ है. राज्यपाल की बैठक में जब मैंने 62 घंटे के शुक्रवार शाम से सोमवार सुबह तक के लाकडाउन की बात की थी, तब बिहार में केस 40,000 से कम थे पर आज 1 लाख से ज्यादा एक्टिव केस होने के कारण बिहार सरकार के पास जनता की भलाई का कोई दूसरा विकल्प नहीं है .जायसवाल ने कहा कि भाजपा के सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि वह अपने क्षेत्र में रहें और अस्पतालों की चिंता करें. जनता को भी मास्क और 2 गज दूरी के लिए जागृत करें. मेरा नाम लेकर राजनीतिक बयानबाजी करने वाले नेताओं से भी उम्मीद है कि उन्हें जमीनी हकीकत समझ में आ रही होगी.

एम एम आर डी ए MMRDA
मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण
(महाराष्ट्र शासन अंगिकृत)
२रा मजला, अभियांत्रिकी विभाग, प्लॉट क्र. आर-५, आर-६,आर-१२ वांद्रे-कुर्ला संकुल, वांद्रे (पूर्व), मुंबई ४०००५१,
दूरध्वनी क्र.: २६५९५९९६/५९९५ फॅक्स: २६५९४१७९ वेबसाईट : https://mmrda.maharashtra.gov.in
ई-मेल : vishal.jambhale@mailmmrda.maharashtra.gov.in

ई- निविदा सूचना

कामाचे स्वरुप :मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरणाच्या वांद्रे (पूर्व) येथील जुनी कार्यालयीन इमारत तसेच सी आर-२ (नरिमन पॉईंट), बाळकूम (ठाणे) व कल्याण (पश्चिम) येथील कार्यालयाची दुरुस्ती व देखभाल करणे.

कामाची अंदाजित रक्कम	कोऱ्या ई-निविदांची किंमत	अनामत रक्कम	कामाचा कालावधी
रु. १,२३,३३,०८८/- (वस्तू व सेवा कर वगळता)	रु.१०००/- + १२% वस्तू व सेवा कर	रु. १,२३,४००/-	२४ महिने (पावसाळयासहित)

• ई-निविदा डाउनलोड करण्याचा कालावधी :०५/०५/२०२१ (१०:०० वा.पासून) ते ०३/०६/२०२१ (१८:०० वा.पर्यंत)
• निविदा स्विकारण्याची अंतिम तारीख :०४/०६/२०२१(१८:०० वा. पर्यंत)

टिप : ई-निविदा प्रपत्रे, शुध्दीपत्रक व इतर माहिती https://etendermmrda.maharashtra.gov.in. या संकेत स्थळावरुन डाऊनलोड करता येईल. ई-निविदा संबंधीत सविस्तर माहिती आणि मदतीसाठी etendersupport@mailmmrda.maharashtra.gov.in या ई-मेल किंवा दूरध्वनी क्रं. ०२२-२६५९७४४५ शी संपर्क साधावा.

स्वाक्षरी/-
तारीख : ०५/०५/२०२१ (श्री.वि.अ.जांभळे)
स्थळ : वांद्रे (पूर्व), मुंबई कार्यकारी अभियंता
क्र. :अवि/दे.व दु.शाखा/वार्षिक देखभाम कामे/स्थापत्य/ (देखभाल शाखा)
जुनी कार्यालयीन इमारत/ २०२१ अभियांत्रिकी विभाग
Fulrani

बंगाल में लोकल ट्रेनें हुईं बंद

दूसरे राज्यों से आने वालों के लिए आरटी- पीसीआर निगेटिव रिपोर्ट जरूरी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शपथ ग्रहण के बाद एक्शन में आ गई हैं. राज्य में बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए ममता बनर्जी ने कई अहम आदेश दिए. मुख्यमंत्री के आदेशों के मुताबिक बंगाल में गुरुवार से लोकल ट्रेनें बंद रहेंगी. इसके साथ ही एयरपोर्ट पर सभी यात्रियों का आरटी-पीसीआर टेस्ट किया जाएगा. साथ ही राज्य में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है. ममता सरकार के आदेश के अनुसार, सभी सरकारी दफ्तरों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति रहेगी. वहीं शॉपिंग मॉल्स/ कॉम्प्लेक्स, स्विमिंग पूल को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है. राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और मनोरंजन कार्यक्रमों पर भी रोक लगा दी गई है.

एयरपोर्ट पर भी एंट्री नहीं

वहीं खुदरा सामानों की दुकानों को सुबह 7 बजे से 10 बजे और शाम 5 बजे से 7 बजे तक ही खोलने की अनुमति दी गई है. राज्य में सभी राजनैतिक सभाओं पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है. वहीं कोविड संक्रमण के प्रसार को कम करने के लिए मेट्रो समेत सभी राज्य परिवहन के साधनों में 50 प्रतिशत की क्षमता के साथ ही यात्री सवार हो सकेंगे. ममता सरकार के आदेश के मुताबिक आरटी-पीसीआर रिपोर्ट (72 घंटे से कम अवधि की) के बिना हवाई अड्डे पर प्रवेश नहीं मिल सकेगा. इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर के कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम करने के आदेश दिये गए हैं.

'हम भी शपथ लेते हैं कि मिटा देंगे हिंसा'

वहीं दूसरी ओर, ममता बनर्जी ने बुधवार को तीसरी बार बंगाल के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली. राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई. जहां शपथग्रहण के ठीक बाद ममता ने राज्य में फैली हिंसा को खत्म करने की बात कही, वहीं राज्यपाल धनखड़ और बंगाल में अपने कार्यकर्ताओं की मौत पर धरना प्रदर्शन के लिए पहुंचे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीएम पर निशाना साधा. नड्डा ने कहा कि जैसे-जैसे बंगाल के नतीजे आए, वैसे-वैसे यहां राजनीतिक हिंसा का तांडव देखने को मिला. यह लड़ाई हम निर्णायक मोड़ तक लड़ेंगे.

NEELAMI AUCTIONEER
AUCTION SALE for HONEYCOMB LOGISTICS PVT. LTD (MUNDRA, GUJARAT)
NEELAMI is organizing E- Tender cum E-Auction of Unclaimed / Uncleared Imported Cargo U/S 48 of Customs Act 1962 Cargo such as Dry Cow Hides, ALUMINUM SCRAP TAINT TABOR AND HEAVY MELTING SCRAP, Heavy Melting Steel, INDIAN LONG GRAIN WHITE RICE etc. Items will be sold on "AS IS WHERE IS" basis. Terms and conditions mentioned in catalogue available on the website:
www.neelami.co.in
Inspection Date :
07th May to 17th May 2021
between 11.00 AM. to 04.00 PM.
Auction Date :18.05.2021.
Contact: M/s. NEELAMI
022-28479308 / 07045885490 / 91
e-mail:auction@neelami.co.in

लोगों की जान बचाना सरकार का पहला कर्तव्य : ओवैसी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

दिल्ली. बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गई. इसको लेकर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी को निशाने पर लिया जा रहा है. हिंसा को लेकर आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का भी बयान आया है. उन्होंने कहा कि अगर कोई सरकार लोगों की जान नहीं बचा पा रही है तो वह फेल है. जीवन का अधिकार एक मौलिक अधिकार है. लोगों के जीवन की रक्षा करना किसी भी सरकार का पहला कर्तव्य होना चाहिए. यदि वे नहीं करते हैं, तो वे अपने मौलिक कर्तव्य में असफल हो रहे हैं. हम भारत के किसी भी हिस्से में जीवन की रक्षा के लिए किसी भी सरकार की विफलता की निंदा करते हैं.

इलाहाबाद HC ने उप्र सरकार को सही आईना दिखाया

जवाबदेही तय हो : प्रियंका

नवभारत न्यूज नेटवर्क

दिल्ली. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में आक्सीजन की कमी से हो रही मौतों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा 'नरसंहार' करार दिए जाने के बाद कहा कि अदालत ने राज्य की भाजपा सरकार को सही आईना दिखाया है तथा अब जवाबदेही तय होनी चाहिए. उप्र सरकार आक्सीजन की कमी की बात को लगातार झुठलाती रही. कमी की बात बोलने वालों को धमकी देती रही. जबकि सच्चाई ये है कि आक्सीजन की कमी से लगातार मौतें हुई हैं और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए. कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने आक्सीजन की कमी का हवाला देते हुए दावा किया कि सरकार कहती है कि कोई अभाव नहीं है लेकिन जमीन पर लोग सरकार के इस बयान की सच्चाई बता रहे हैं. अभाव ही अभाव है. अभाव के चलते ब्लैक मार्केटिंग वाले आपदा में अवसर तलाश रहे हैं. बस सरकार का कोई अता-पता नहीं है.

विपक्ष को उकसा रहे कई BJP सांसद-विधायक

वहीं दूसरी ओर, भारत में कोरोनावायरस से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं. दूसरी लहर में जो राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, उनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है. राज्य में हर दिन मौतों का आंकड़ा नए रिकॉर्ड बना रहा है. इसके अलावा ऑक्सीजन की कमी के कारण ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी कम है. इस बीच खबर है कि यूपी में अब भाजपा के सांसद और विधायक ही गुपचुप तरीके से विपक्ष के नेताओं को खराब सरकारी व्यवस्था की आलोचना करने के लिए भड़का रहे हैं. दरअसल, उत्तर प्रदेश में अब तक कई नेता लोगों की मांगें पूरी न कर पाने की वजह से निशाने पर आ चुके हैं.

कोंकण रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मुख्य अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, निम्नलिखित कार्य के लिये पात्र ठेकेदारों से आयआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से सिंगल बोली प्रणाली में ई-टेंडरिंग द्वारा खुली निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम:** एसईएन/एचक्यु के तहत 2021-22 आणि 2022-23- दोन वर्ष के लिए छोटे कार्य, रखरखाव, मरम्मत के कार्य और सामग्री एवं मजदुरों की आपूर्ति के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा सूचना क्र.:** केआर-डब्ल्यू-09-2021-01। **अनुमानित लागत:**रु. 50,84,745/-, जीएसटी छोड़कर। **कार्य पुर्ण करने की अवधी:** दो वर्ष मान्सून सहित। **प्रस्ताव/बोली ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख और समय:** 27.05.2021 को 15:00 बजे तक। मॅन्युअल ऑफर स्वीकारे नही जाएंगे। अधिक जानकारी/भाग लेने के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** की वेबसाईट देखे। स्पष्टीकरण/शुध्दीपत्र, केवल इसी वेबसाईटपर अपलोड किए जाएंगे।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in
नवा रायपुर अटल नगर

Notice inviting for Design Competition

The Chief Executive Officer, NRANVP invites Proposal for the following Design Competition :-

DCN No. : 03/GCEG/CE/NRANVP/2020-21, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 05/05/2021

Name of the Work : Global Invitation for "Design Competition for the Development of Grand City Entrance Gateway" at, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.).

DCN No. 04/CIS-IS/CE/NRANVP/2020-21, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 05/05/2021

Name of the Work : Global Invitation for "Design Competition for the Development of "City Identity Structure - Iconic Structure" at, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)

Last Time & Date of Submission: 15:00 hrs on 07/06/2021

The Prequalification criteria and other details could be seen in the RFP Document. The RFP documents can be downloaded from **www.navaraipuratalnagar.com Modification /Amendment / Corrigendum in RFP, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

28675/2 Sd/- CE, NRANVP

उपक्रम | उप्र में पिछड़े जिलों के धार्मिक स्थलों का विकास

पर्यटकों को आकर्षित करेगी सरकार

राजेश मिश्र@ नवभारत

लखनऊ. उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारंपरिक रूप से लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के साथ ही पिछड़े जिलों के उपेक्षित धार्मिक स्थलों के कायाकल्प में जुटी है. प्रदेश सरकार की योजना इन स्थानों को पर्यटकों के लिए विकसित करने की है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार प्रदेश में श्रावस्ती, बलरामपुर, देवीपाटन और गोंडा जिलों के दर्शनीय स्थलों को पर्यटन के तौर पर विकसित करने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है. इन पिछड़े जिलों के धार्मिक स्थलों को विकसित कर यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं और यहां के व्यवसाय और शिल्पकलाओं को बढ़ावा देने के प्रयास शुरू हो गए हैं. मुख्यमंत्री के निर्देशों पर बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर और रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास

शुरू कर दिया गया है. योगी सरकार में ही गोरखपुर के रामगढताल में वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं जबकि पीलीभीत में टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की गई हैं. प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक बीते 4 वर्षों से आयोजित हो रहे अयोध्या दीपोत्सव ने लगातार 2 वर्षों में गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है जबकि मथुरा में कृष्णोत्सव, बरसाना में रंगोत्सव, वाराणसी में शिवरात्रि एवं देव दीपावली के आयोजन ने पर्यटकों को काफी तादाद में आकर्षित किया है.

बनेंगे विश्व स्तरीय हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन

नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद विंध्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, शुक्रधाम तीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद और देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद के गठन का भी अभूतपूर्व कार्य सरकार ने अपने 4 वर्षों में करके दिखाया है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में शक्तिपीठ सर्किट एवं आध्यात्मिक सर्किट से जुड़े स्थलों में विकास को रफ्तार दी गई है. योगी सरकार में पर्यटन को बढ़ावा देने की रणनीति के तहत शक्तिपीठ सर्किट एवं आध्यात्मिक सर्किट से जुड़े स्थलों का विकास बहुत तेज गति से किया जा रहा है. काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का विकास भी इसमें शामिल है. महाभारत सर्किट के अंतर्गत महाभारत से जुड़े स्थलों का विकास इसका उदाहरण बन गया है. जैन तथा सूफी सर्किट के तहत आगरा एवं फतेहपुर सीकरी में पर्यटन सुविधाएं भी 4 वर्षों में काफी बेहतर हो गई हैं.

सार्वजनिक सूचना

कृपया ध्यान दें कि श्रीमती सीमा राजेश विजानी तथा श्री राजेश मिलखराज विजान, जो 16 दिसंबर 2020 को क्रियान्वित तथा क्र. बीआरएल 6-11482-2020 अंतर्गत सब-रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंसेस के साथ विधिवत पंजीकृत बिक्री हेतु अनुबंध के जरिये मालाड (पूर्व) मुंबई 400097 में प्रोजेक्ट "अवन्त हिलवे सुप्रीम" में बिल्डिंग "डी" में 6ठी मंजिल पर 601 नंबर के फ्लैट के धारक हैं, तथा जिन्होंने कई बार रिमाइन्डर्स तथा डिमांड नोटिस की तामील के बावजूद शेष बिक्री मूल्य के भुगतान समेत उक्त अनुबंध के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन किया है, उनकी पूर्ति में असफल हुये हैं, उपेक्षा की है तथा उन्हें तोड़ा है. अतएव उन्हें अब नोटिस दि. 31 मार्च, 2021, 24 फरवरी 2021, 8 फरवरी 2021, 25 जनवरी 2021 की तामील की गई है जिसके जरिये उक्त बिक्री हेतु अनुबंध की समाप्ति, निरस्तीकरण तथा रद्द करने की सूचना दी गई थी तथा उक्त सूचना अवधि के समाप्त होने के बावजूद उनकी ओर से कोई भी अनुपालन नहीं किया गया है. अतएव उक्त अनुबंध तथा समस्त अधिकारों को एतद्द्वारा स्वयमेव तथा मान्य स्वरूप में समाप्त, निरस्त एवं रद्द किया जाता है तथा उनके पास किसी भी स्वरूप में किसी भी प्रकार से कोई भी अधिकार अब शेष नहीं रहता है तथा हमने उन्हें एतद्नुसार मूल बिक्री हेतु अनुबंध को लौटाने के लिये भी कहा है.

कोई भी व्यक्ति तथा/अथवा संस्था, बिक्री, गिरवी, न्यास, ग्रहणाधिकार, कब्जा, उपहार, उत्तराधिकार, पट्टा अथवा अन्यथा के जरिये किसी भी प्रकार से/कैसे भी उक्त फ्लैट तथा/अथवा उसके किसी भाग में कोई भी तीसरे पक्ष के अधिकार निर्मित करने के उद्देश्य से तथा/अथवा अधिग्रहण के लिये अथवा अन्य किसी प्रकार से कोई भी सौदेबाजी ना करें तथा इस संबंध में कोई भी उनसे कोई लेनदेन ना करें तथा यदि ऐसा कुछ होता है तो इसके लिये हमारी कोई जिम्मेदारी तथा/अथवा जवाबदेही नहीं होगी तथा हम उक्त संपत्ति परिसर को तीसरे पक्ष को प्रत्यक्ष कब्जा सौंपने समेत उक्त फ्लैट के निपटान, हस्तांतरण, गिरवी, किराये पर देने के सौदे को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया करने हेतु स्वतंत्र हैं.

दिनांक 3 मई 2021.

श्री निखिल के. सालियान
एडवोकेट,
ए-405, सहवास सीएचएस लि.,
सहकार मार्ग, विलेपार्ले (पूर्व), मुंबई-400 057

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400 021.

सूचना

एतत्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक की नीचे उल्लिखित प्रतिभूतियों के शेयर/बांड प्रमाणपत्र इनके पंजीकृत धारकों/भावी धारकों द्वारा हस्तांतरण विलेखों के विधिवत निष्पादन के बाद/के बिना खो गए हैं/लापता हो गए हैं. उन्होंने बैंक से इनके डुप्लीकेट प्रमाणपत्र अपने नाम जारी करने का अनुरोध किया है. यदि किसी व्यक्ति का इन शेयरों/बांडों पर दावा है तो वे अपनी दावेदारी बैंक के ट्रांस्फर एजेंट मेसर्स अलंकित असाइनमेन्ट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्पलेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110 055, (ईमेल पता: sbi.igr@alankit.com) को इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर दर्ज करा सकते हैं, अन्यथा बैंक बिना किसी अगली सूचना के इन शेयरों/बांडों के डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर देगा.

भारतीय स्टेट बैंक

क्र. सं.	फोलियो सं.	धारक(कों) का नाम	शेयरों की संख्या	प्रमाणपत्र संख्या से	प्रमाणपत्र संख्या तक	विशिष्ट संख्या से	विशिष्ट संख्या तक
1	00886266	कोरी शंकर लाल गोमती कोरी	530	(94544)*	(94545)*	(7396357921)*	(7396358450)*
2	07108780	शंकर लाल कोरी गोमती कोरी	400	(230766)*	(230766)*	(7461192011)*	(7461192410)*
3	00856734	विवेक ताम्हनकर कल्पना ताम्हनकर	30	(84458)*	(84458)*	(7393927441)*	(7393927470)*
4	00807641	मृगेंद्र लाल दास माला दास	710	(65374)*	(65375)*	(7389064671)*	(7389065380)*
5	07508025	भगवान राम चौधरी	140	(6308087)*	(6308087)*	(8059606429)*	(8059606568)*
6	07409767	लथीफा बीवी के	660	(6210359)*	(6210359)*	(8012777396)*	(8012778055)*
7	00849406	नरेंद्र सिंह चौहान	30	(81928)*	(81928)*	(7393360151)*	(7393360180)*
8	00707514	शियो मंगल प्रसाद चंद्रावती प्रसाद	30	(28355)*	(28355)*	(7379722581)*	(7379722610)*
9	07104661	कैलाश नारायण आर्य	600	(228859)*	(228859)*	(7460419631)*	(7460420230)*
10	07505605	सिंह बलदेव	392	(6305669)*	(6305669)*	(8059050627)*	(8059051018)*
11	00854711	ऋषिपाल मंजू	190	(83788)*	(83789)*	(7393782211)*	(7393782400)*
12	00766839	विजय कुमार चौहान अनीता कुमारी	630	(49783)*	(49784)*	(7385305751)*	(7385306380)*
13	00764465	शिव कुमार शर्मा कमला शर्मा	30	(49035)*	(49035)*	(7385132601)*	(7385132630)*
14	07402870	बालासुब्रमण्यन कन्नेरी राजश्री एम	440	(6203587)*	(6203587)*	(8009851469)*	(8009851908)*
15	07104889	वर्गीस वी एस	400	(228944)*	(228944)*	(7460450791)*	(7460451190)*
16	00707589	दिनेश कुमार सिंह	30	(28394)*	(28394)*	(7379731681)*	(7379731710)*
17	01067971	पी निर्मला	670	(113391)*	(113392)*	(7402958251)*	(7402958920)*
18	00907062	बी सुगंती	30	(102231)*	(102231)*	(7398167821)*	(7398167850)*
19	07110107	बी सुगंती	400	(231304)*	(231304)*	(7461428371)*	(7461428770)*
20	00857001	प्रदीप कुमार श्रीवास्तव	630	(84573)*	(84574)*	(7393960291)*	(7393960920)*
21	00851596	प्रेम पाल सिंह मंजू सिंह	690	(82654)*	(82655)*	(7393527411)*	(7393528100)*
22	02374817	रईसा	500	(192210)*	(192210)*	(7443309661)*	(7443310160)*
23	07102338	के सुंदरराजन	400	(228104)*	(228104)*	(7460198121)*	(7460198520)*
24	07126363	हेमंत कुमार फिलिप्स	400	(238364)*	(238364)*	(7464552541)*	(7464552940)*
25	07509577	गणेशा राम चंदोरा	140	(6309638)*	(6309638)*	(8059939657)*	(8059939796)*
26	07524319	वाय एन सचदेव	560	(6324337)*	(6324337)*	(8063375523)*	(8063376082)*
27	07509073	कन्हैयालाल टाक	196	(6309135)*	(6309135)*	(8059834397)*	(8059834592)*
28	02256396	शुभदा मेहता	500	(185166)*	(185166)*	(7439721401)*	(7439721900)*
29	07107792	देशमुख सुधाकर खाशाबा देशमुख संजीवनी सुधाकर	300	(230291)*	(230291)*	(7461005641)*	(7461005940)*
30	07114956	संजय मधुकर गवली	400	(233397)*	(233397)*	(7462376251)*	(7462376650)*
31	02308857	बी एस सचदेव	600	(190100)*	(190100)*	(7442248141)*	(7442248740)*
32	07426633	पुष्पा बाई	110	(6226740)*	(6226740)*	(8016349306)*	(8016349415)*
33	02146985	सुंदरम थियागराजन	500	(175667)*	(175667)*	(7434784381)*	(7434784880)*
34	02265220	बृजमोहन सिंह चावला	500	(186241)*	(186241)*	(7440269601)*	(7440270100)*
35	00910738	टी के सदागोपाल	30	(103517)*	(103517)*	(7398505691)*	(7398505720)*
36	00710619	सरकार हंसदा सरला मार्डी सरला मार्डी सरला मार्डी	100	(29572)*	(29572)*	(7380063621)*	(7380063720)*
37	01263905	प्रतिमा बसक अनिल चंद्र बसक	500	(126304)*	(126304)*	(7409508671)*	(7409509170)*
38	00856400	केदार मल वर्मा कमला	530	(84361)*	(84362)*	(7393907831)*	(7393908360)*
39	07111935	कृष्णमूर्ती एम वी भानुमती एम के	800	(232119)*	(232119)*	(7461780971)*	(7461781770)*
40	00877328	नायनारू नंदा गोपाल	70	(91372)*	(91373)*	(7395558091)*	(7395558160)*
41	00824287	याम्बेन निर्मोल सिंह याम्बेन ओंग्बी मनिलेमा देवी	640	(72564)*	(72565)*	(7390902591)*	(7390903230)*
42	00747702	के जी रवींद्रन एन पी राधामोनी के जी रवींद्रन एन पी राधामोनी	500	(43172)*	(43172)*	(7383749381)*	(7383749880)*
43	05103962	वी संपथ	690	(41025)*	(41026)*	(7383237331)*	(7383238020)*
44	00831744	कोठारी किशोर प्रभाकर कोठारी सुनीता किशोर	30	(75626)*	(75626)*	(7391742921)*	(7391742950)*
45	02184953	आर कुंचिथपथम के गोमती	500	(178420)*	(178420)*	(7436219921)*	(7436220420)*

*कोष्ठक में दिए गए आँकड़े स्टॉक विभाजन के परिणामस्वरूप ₹1 के अंकित मूल्य के मौजूदा शेयर्स के विवरण प्रदर्शित करते हैं (रेकॉर्ड का दिनांक 21.11.2014)

सिक्योरिटीज़ को भौतिक या कागजी रूप में रखने पर उनकी डिलीवरी न होने, बेईमानों द्वारा गलत इस्तेमाल, चोरी के कारण खो जाने, कटने-फटने, गुम हो जाने का खतरा रहता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सेबी के आदेशानुसार 01.04.2019 से सिक्योरिटी के ट्रांस्फर हेतु किसी ऐसे अनुरोध पर प्रक्रिया नहीं की जाएगी, अगर डिपॉजिटरी के पास धारित सिक्योरिटीज़ डीमैटरियालाइज्ड रूप में न हो.

स्थान: मुंबई | शेयरों की संख्या: (17158)* | महाप्रबंधक
दिनांक: 06.05.2021 | प्रमाण पत्रों की संख्या: (56)* | (शेयर एवं बांड)